**खबर संक्षेप**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम कठौतिया में निकाली गई



**शहडोल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत कठौतिया, में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आईईसी वैन वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### केसावाही विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत केशवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण जन को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आईईसी वैन द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

### प्राथमिक शाला देवरी में बच्चों को वितरित किये गर्म कपड़े



**शहडोल।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में सकुंल प्राचार्य श्रीमती फानूस जमाल, बीआरसी विष्णु मिश्रा, राम विनोद प्यासी, प्रकाश गौतम, वार्ड की पार्षद सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश तिवारी, स्वयं सहायता समूह, अभिभावक की उपस्थिति में विद्यालय परिवार श्रीमती गीता पांडे व श्रीमती नम्रता तिवारी की स्वेच्छा से बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर, टोपी, पेंसिल, चॉकलेट वितरित कर बच्चों के चेहरे में मुस्कान लाने का प्रयास किया गया।

### 1651 चालान हुआ पेश

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा दिसम्बर माह को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक लंबित अपराध, चालान एवं खात्मा-खारिजी के निकाल हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही वर्षांत को ध्यान में रखते हुए लंबित अपराधों के समुचित निकाल के संबंध में प्रति दिवस की मॉनीटरिंग करते हुए थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। जिसके तारतम्य में 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक सभी थाना प्रभारियों द्वारा कुल 1707 अपराधों का निकाल एवं 1651 चालान माननीय न्यायालय पेश किये गए।

### चाकू चमकाते युवक पकड़ाया

**शहडोल।** थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत 31 दिसम्बर को मुखबिर सूचना मिली कि जयसिंहनगर में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर जयसिंहनगर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी महेश शर्मा पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी जयसिंहनगर को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला।

### बूंद बूंद पानी को तरस रहे धनपुरी नगरवासी

# फिल्टर प्लांट की मोटर खराब होने से वाटर सप्लाई ठप्प

**शहडोल।** कोल इंडिया कंपनी को हर साल अरबों रुपए का राजस्व देने वाली धनपुरी कोयला नगरी आज बूंद बूंद पानी को तरस रही है। जबकि बुनियादी सुविधाओं की जिम्मेदारी पूरी तरह एसईसीएल महाप्रबंधन की है।



यही नहीं यहां एक सक्षम नगरपालिका भी है जो नगर विकास के साथ ही नागरिक सुविधाओं के लिए जिम्मेदार है। दो दो धनमानी संस्थाओं के जिम्म जो नगर हो उसकी इतनी दुर्दशा हो यह समझ के परे है। ऐसी हालत में नागरिकों का त्रासमान निस्संदेह गंभीर लापरवाही का नतीजा है। बताते हैं कि मोटर खराब होने के कारण पेयजल की आपूर्ति में दो दिन से बाधा उत्पन्न हो रही है। करोड़ों रुपए का फिल्टर प्लांट सफेद हांथी साबित हो रहा है।

#### हैण्डपंप बने सहारा, बुझा रहे प्यास

धनपुरी नगरपालिका में पानी सप्लाई के लिए लगी मोटर में खराबी आने के चलते नगर में जल प्रदाय व्यवस्था ठप्प हो गई है। आलम ये है कि नगर में पानी सप्लाई ठप्प होने से पानी का घोर संकट झेलना पड़ रहा है। नव वर्ष के दिन की शुरआत ही लोगो को समस्याओं के साथ करना पड़ा। सुबह से ही हैंडपंपों पर पानी लेने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। बच्चों और महिलाओं की लाइन लग गई, नगरपालिका द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कें रूप में पानी के टैंकर से पानी सप्लाई की गई। जो लोगो के लिए पर्याप्त नही रहा , लोगों का आरोप है कि पेयजल आपूर्ति सुचारु कराने के लिए कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, परंतु अब तक उनकी समस्या का निदान न हो सका। इससे लोगों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। नगर की पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, परंतु समस्या का स्थाई समाधान न हो सका।

#### मूलभूत सुविधाओं के पड़े लाले

नगरपालिका धनपुरी के वार्ड नं 5 विलियस नं 1 के रहने वाली विमला वर्मा ,कमला वर्मा सहित अन्य ग्रहणी महिलाओ का कहना था की लोगो के दिन की शुरआत ही पानी से होती है। वही उन्हें सुचारू नही मिल रहा है। पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई समुचित रूप से नही हो रही है। जिससे




गृहणी महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा हर वर्ष मोटर रिपेयर के नाम पर लाखों खर्च किया जाता है। धनपुरी सबसे धनी नगरपालिका है यहां पानी सप्लाई के लिए हाईटेक मोटरे लगाई गई है। बाबजुद इसके अक्सर मोटर खराब हो जाने से नगर में पानी सप्लाई ठप्प हो जाती है। जिससे हम ग्रहणी महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पडता है।

#### सफेद हाथी साबित हो रहा फ़िल्टर प्लांट

कई वर्षों से शुद्ध पेयजल को लेकर आवाज उठाई जा रही थी और 2017 में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत शुद्ध पेयजल को लेकर धनपुरी नगर में लगभग 17 करोड़ की लागत से फिल्टर प्लांट का काम भी शुरु किया गया जो 2022 में लगभग पूरा भी हो चुका है। बाबजुद इसके आज भी नगर के लोगो को पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है। वार्ड क्रमांक 17 में फिल्टर प्लांट का निर्माण भी कराया गया है। लगभग 6 पानी की टंकी बनाई गई है और जहां से फिल्टर का पानी सभी वार्डों में सप्लाई किया जाएगा। नगर में विकास को लेकर पूर्व में कई काम किए गए लेकिन इन कामों के साथ लोगों को सबसे बड़ा इंतजार शुद्ध पानी को लेकर था। क्योंकि कोयला खदान होने के कारण यहां पर जिस पानी की सप्लाई होती है उसमे शुद्धता की मात्रा काफी कम थी।

#### पाइप लाइन का काम अधूरा

वर्ष 2017 में में शुरू हुई इस योजना के तहत नगर के समस्त वार्डों में पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाना था, जो अब तक पूरा नही हो सका। जिससे 17 करोड़ के लागत से बना फ़िल्टर प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहा है। पाइप लाइन के विस्तार के बिना पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है। वही आम जन की इस समस्या को लेकर नगरपालिका के जिम्मेदारों से संपर्क करने की कोशिस की गई लेकिन कुछ से तो संपर्क नही हो पाया और कुछ ने तो इस मामले में कुछ कहने से बचते रहे।

## दुकान का ताला तोड़कर बैटरी ले उड़े चोर

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय में पुलिस की चौकसी जितनी ढीली ढाली है वह आम आदमी के लिए चिंता का विषय है। एक अर्से से यहां पुलिस गश्त की मांग की जा रही है लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। इसी का नतीजा था कि साल की अंतिम बिदाई में भी नगर को चोरी का एक दर्द मिला। घटना बुढ़ार रोड जैसी भीड़ भरी जगह में हुई जहां कि चौबीसो घंटे आवाजाही चलती है और आम आदमी के लिए थियेटर आदि भी हैं। घटना आर एस इंटरप्राइज दूकान में हुई जो कि होण्डा शोरुम के बगल में स्थित है। दूकान संचालक रोहित ङूषसह पिता आरके सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे उनकी दूकान का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों ने लगभग 80 हजार रुपए मूल्य की 10 नग बैट्री पार कर दी। इस संबंध में पुलिस में




रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसकी पुलिस ने रिसीवंहिग तो दी है लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं किया है। चर्चा है कि नगर में पूर्व की भी कुछ चोरियां हैं जिनका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी। जब नगर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रात्रिकालीन गश्त आवश्यक है तो फिर गश्त क्यों नहीं की जाती है। नगर के अंदर गश्त सबसे आवश्यक है ताकि नगर की गलियों में रात के पुलिस की पहुंच हो और अराजक तत्वों में दहशत पैदा हो। सड़कों की नाकेबंदी से रात के समय गुजरते वाहनों से चोरी के सामान भी बरामद हो सकते हैं। पहले भी पुलिस इस प्रयास से कई बार चोरी का माल बरामद कर चुकी है और कुछ अपराधियों को आकस्मात पकड़ने में सफल हुई थी। पुलिस गांधी चौक में भी अधिक समय तक नहीं रहती, उधर बुढ़ार रोड में भी पुलिस के बिना सुरक्षातंत्र ढीला रहता है।

## 138 वाहन चालकों पर लगाये गये समंस शुल्क

**शहडोल।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत याचिका ऐश्वर्या शांडिल्य विरूद्ध म.प्र. शासन पर पारित निर्णय के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में बिना हेलमेट के दो पहिया एवं बिना सीटबेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्व 20 नवम्बर से 10 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में सिटी पुलिस द्वारा 31 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले लोगों पर



कार्यावाही की गई। साथ ही बिना कागजात के यात्री बसों को चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 138 चालानों में 57,000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## राम जन्मभूमि की स्थापना को एक महोत्सव के रूप में मनाए पूरा देशः शक्तिपुत्र जी महाराज

**ब्यौहारी।** अंग्ल नव वर्ष के अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संचालक संस्थापक धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने सोशल मीडिया में लाइव आकर देश के समस्त धर्म प्रेमी जनता को अपना आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि सनातन धर्म का नव वर्ष चैत्र नव वर्ष की प्रतिपदा को जब संपूर्ण प्रकृति नव वर्ष मानती है तभी सनातन धर्म का नव वर्ष होता है लेकिन किन्ही कर्म से हमें भक्ति में सतोगुणी माहौल मिले जीवन में संकल्प लेने का अवसर मिले हर दिन हमारा नव वर्ष होना चाहिए। अयोध्या में हो रहे श्री राम जन्मभूमि स्थापना के विषय में अपने विचार रखें।

महाराज जी ने कहा कि यह सामान्य समय नहीं है इस क्षण का इंतजार 500 वर्षों से अधिक हो रहा था, यह मां का युग है सत्य की स्थापना का युग है और राम मंदिर की पुनर्स्थापना इसका एक प्रमाण है। जो की 500 वर्षों मुगलों द्वारा तोड़ा गया और उसे मस्जिद बनाकर कैद किया गया लेकिन इस सत्य के युग में न्यायालय ने भी सत्य को स्वीकार किया और सनातन धर्म के पक्ष में निर्णय किया। जिसका परिणाम है कि, आज हम उसे दिव्य घटना के भी साक्षी होने जा रहे हैं। जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने लड़ाइयां लड़ी अपना सब कुछ बलिदान कर दिया और अभी तक संघर्ष करते रहे। इसलिए इस अवसर को हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महोत्सव के रूप में मनाना चाहिए, जिससे इस संपूर्ण धारा में भक्ति का संचार हो सके एक सतोगुणी वातावरण बन सके और हमारे बच्चों भक्ति का संस्कार मिल सके। सभी देशवासियों को सामूहिक एवं मंदिरों, अपने घरों में दीपक जला सकते हैं, रामायण का पाठ कर सकते हैं ,सीताराम का भजन कर सकते हैं और भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता पूरे देश में दुर्गा चालीसा का पाठ कर सकते हैं। क्योंकि यह मां का कल है और जब देवी देवताओं के ऊपर संकट का समय आया है तब मां के आशीर्वाद से ही देवताओं के भी संकट टले हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन पिछले 28 वर्षों से पूरे देश में जगह-जगह निशुल्क अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ करके इस भारत भूमि को एक आध्यात्मिक और देवताओं के अनुकरणीय माहौल बनाने में दिन-रात एक कर रहा है क्योंकि किसी शक्ति का आवाहन करने से पहले उनके अनुसार एक आध्यात्मिक माहौल बनाया जाता है। जहां आने को संस्थाएं राम मंदिर निर्माण के लिए सीधे लड़ रही थी वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन भी भगवान श्री राम की स्थापना हेतु एक सामाजिक आध्यात्मिक माहौल तैयार करने में लगा हुआ था, जिसका परिणाम है की मां भगवती के आशीर्वाद से आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हो रही है।

#### मोदी और योगी का भी की किये प्रशंसा

श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि केंद्र में और राज्य में अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार न होती तो आज जिस तरह से राम मंदिर का निर्माण हो रहा है और पूरे अयोध्या में एक माहौल बनाया गया है, जो विश्व स्तर पर पहुंच रहा है वह शायद ना होता दोनों विभूतियों ने सराहनीय कार्य किया है। भविष्य में सनातन धर्म के कार्यों के लिए महाराज जी ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं जिन संस्थाओं द्वारा राम मंदिर निर्माण में संघर्ष किया गया उन्हें भी महाराज जी ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया और देश के समस्त जनमानस से अपील की है कि हर घर में राम मंदिर स्थापना के नाम से हर व्यक्ति दीपक जलाएं मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होकर श्री राम की जय घोष सीताराम भजन किए जाएं।

#### जब राम आ रहे हैं तो राम के अनुसार राज्य को भी बनाएं

सब लोग कह रहे हैं राम आ रहे हैं राम तो हर काल में थे आज भी हैं, कल भी रहेंगे, मंदिर बनते और बिगड़ते रहते हैं लेकिन अगर राम आ रहे हैं तो 22 जनवरी के दिन राम राज्य के अनुसार पूरे प्रदेश में शराबबंदी की घोषणा करनी चाहिए जिससे राम राज्य में नशे के कारण 50 प्रतिशत से अधिक अपराध हो रहे हैं उन अपराधों पर अंकुश लग सके और गौ अभ्यारण बनाकर गायों का संरक्षण भी किया जाए, क्योंकि भगवान श्री राम की स्थापना तो हो रही है लेकिन हमें अब अगला कार्य राम राज्य की स्थापना के लिए होना चाहिए जब तक गौ गंगा और नारी सुरक्षित नहीं रहेगी तब तक मानव सभ्यता का कल्याण नहीं हो सकता और राम राज्य की परिकल्पना अधूरी रहेगी।



## दागना कुप्रथा के लिये चलाएं जागरूकता अभियान : कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में खराब ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर उसे बदलने की कार्यवाही करें, जिससे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दागना कुप्रथा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए और गांव-गांव भ्रमण कर नवजात शिशुओं की निमोनिया सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन गुणवत्तायुक्त होना चाहिए तथा मैदानी अधिकारी सतत रूप से स्कूलों का भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें एवं विभागों द्वारा यात्रा के दौरान स्टॉल लगाए जाए। बैठक में कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी का निर्देश दिए कि नल जल योजना के तहत घर-घर पानी सुगमता से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए व नल जल योजना के तहत किये गए कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने खाद्य विभाग, विद्युत विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागवार सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविन्द शाह एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंधी को सरोवर बनाने पंचायत ने फूंके 25 लाख रुपए

**शहडोल।** ग्राम पंचायतों में पंचो की बैठक और प्रस्तावों के बिना मनमाने प्रस्ताव पारित कर निर्माण का ढांचा खड़ा करा लाखों रुपए आहरित कर बंदरबांट कर ली जाती है। काम भी पूरा नहीं हो पाता है, संभाग मुख्यालय के समीप स्थित उमरिया जिले की बड़वाही पंचायत का भी हाल कुछ ऐसा ही है। जहां केवल सरपंच और सचिव ही सब कुछ बने हुए हैं। इस पंचायत में शासन के नियम कायदों का कही कोई क्रियान्वयन होता दिखाई नहीं पड़ता है। 25 लाख की लागत के अमृत सरोवर की दुर्दशा का एक उदाहरण यहां मौजूद है। जिसका गुणवत्ताविहीन निर्माण कराया गया और काम अधूरा होने के बाद भी पूरा बताया जा रहा है।




**गुणवत्ताविहीन हुआ निर्माण, फर्जी मजदूरी भर दिया**

#### तेंदुहा टोला में हुआ निर्माण

बड़वाही पंचायत के तेंदुहा टोला में 25 लाख की लागत से एक जलसरोवर का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सरोवर के निर्माण में गंभीर अनियमितताएं की गईं हैं। तालाब की सतह भराव एरिया में कुछ मिट्टी और पत्थरों का काम करा छुट्टी पा ली गई है। इसी कार्य को सचिव द्वारा कहा जाता था कि अभी अच्छे से पिचिंग कराई जाएगी। बीच में काम बंद करा दिया गया। अब आगे काम शुरू नहीं किया जा रहा है। तालाब में कहीं भी घाट का निर्माण नहीं कराया गया है और तकनीकी मानक के अनुसार तालाब की खुदाई और समतलीकरण पत्थर पिचिंग कुछ नहीं हुआ है।

#### पुरानी बंधी को बनाया तालाब

बताया गया कि नाले में पहले कुछ साल पहले कुछ चौड़ी करण कराकर बंधी बनवा दिया गया था। धीरे धीरे उस बंधी की मिट्टी समेट दी गई और अब उसी बंधी के चारो ओर अगल बगल खुदाई करवा कर उसे तालाब अमृत सरोवर का नाम दे दिया गया। वास्तव में तालाब बंधी का ही विस्तार कराया गया है। उसी में खुदाई की गई और चारो ओर मिट्टी डालकर काम खतम करा दिया गया। इसकी एवज में 25 लाख का बजट समाप्त बता दिया गया है। तालाब का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया गया और फिर बंधी को ही तालाब के रूप में दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### मजदूरी में गड़बड़ी कर रहे

सरोवर निर्माण में मजदूरी के कार्य में भी अनियमितता की जा रही है। फर्जी मजदूरी भर कर मजदूरों का भुगतान किया जा रहा है। पंचायत के जिन पात्र मजदूरों को जॉबकार्ड के नियमानुसार कार्य मिलना चाहिए उनका कहीं पता नहीं है। ऐसे लोगों के नाम सुने जाते हैं जिन्हे पंचायत में कोई पहचानने वाला नहीं है। अजनबी नाम सामने आ रहे हैं। सरपंच और सचिव मजदूरी के भुगतान में भी गड़बड़झाला कर अपना काम निपटा रहे हैं। जबकि वास्तविक मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। कई बार सचिव से कहा भी गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

#### बोर्ड नहीं लगवाया गया

पंचायत ने सरोवर निर्माण में 25 लाख का काम कराया लेकिन कहीं भी सूचनापटल देखने को नही मिल रहा है। सचिव का कहना है कि लोग बोर्ड पढ़कर सच्चाई जान लेते हैं और फिर काम में अड़ंगा डालते हैं। जबकि नियमतः निर्माण कार्य में पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। बोर्ड में सरोवर की लागत, निर्माण एजेंसी, मजदूरों की संख्या, काम शुरू होने की तिथि, कार्य का प्रकार आदि सब दर्शित होना चाहिए। बोर्ड का नही लगाया जाना भी एक आपत्तिजनक कृत्य है। लेकिन इसकी शिकायत के बाद भी सचिव ने बोर्ड लगवाना जरूरी नहीं समझा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने शासकीय सेवकों को नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने शासकीय सेवकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब जनता की सेवा के लिए जिले में पदस्थ हैं। हमारा प्रथम दायित्व है कि हम जनता के विश्वास में खरे उतरे, उसके लिए हमें सहजता, सरलता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए जन समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुख समृध्दि के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ सहजता के साथ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य हम सब करें। इस अवसर पर आपनें जिलावासियों के सुख समृध्दि तथा जिले के विकास की कामना की।

### विकास कार्यो की समीक्षा बैठक अब 4 को

**उमरिया।** अपर मुख्य सचिव मप्र शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास व्दारा 3 जनवरी को सुबह 11330 बजे कलेक्टर शहडोल के विराट सभागार में संभाग अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा की जानी थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब 4 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे से समीक्षा की जाएगी।

### माह के प्रथम दिन राष्ट्रीय गीत एवं मध्यप्रदेश गान का किया गया गायन



**उमरिया।** माह के प्रथम दिन 01 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की उपस्थिति में संगीतमय राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यू डी. जी. एस. गायकवाड, सीएमएचओ डॉ. आर. के. मेहरा, उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोहन चौधरी एवं उनके गुरप के व्दारा संगीतमय राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।

### जिले में अब तक 444378.221 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पंजीकृत कृषकों से किया जा रहा है। जिले में अब तक 8614 पंजीकृत किसानों से 444378.221 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 2 जनवरी का कार्यक्रम

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर से 26 जनवरी तक आयोजन के तारतम्य में 02 जनवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत भाद तथा निमहा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत लहरपुर तथा पड़रिया, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत कोठी तथा गुलीडांड, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत भमरहा तथा चंदनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में जन समस्याओं का करें निराकरण : कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यात्रा के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लगने वाले शिविरों में जिला, जनपद एवं मैदानी अमला अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

### समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में यात्रा के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना आधार कार्ड से वंचित लोगों के आधार कार्ड बनाने, किसान सम्मान निधि, आहार अनुदान योजना के पात्र हितग्राहियों का शिविर के पूर्व ही चिन्हांकन किया जाए तथा शिविर के दिन उन्हें लाभान्वित किया जाए। अधिकारी जब भी दौरे में जाएं तो अपने साथ संबंधित ग्रामों के लंबित आवेदनों, सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की सूची भी साथ लेकर जाएं तथा भ्रमण के दौरान उनका निराकरण सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख एक सप्ताह के भीतर ए ग्रेड में पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों में शव वाहन तथा मोमेंट डी फ्रीजर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

#### छात्रावासों का करें निरीक्षण

जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए है कि वे छात्रावासों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों के स्टाफ को हटाकर वहां रहने वाले विद्यार्थियों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि जब भी निरीक्षण में जाएं तो विद्यार्थियों को शासन व्दारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साथ रखें। वहां विद्यार्थियों को मिलने वाले नाश्ता, भोजन, पौष्टिक आहार, पत्र पत्रिकाएं, गणवेंश, शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति, बिस्तरों की व्यवस्था, पेयजल, साफ -सफाई, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया जाए।



#### किसानों ने करें चर्चा

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए है कि वे धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें तथा किसानों से चर्चा भी करें। निरीक्षण के दौरान उपार्जित धान के उठाव, धान की क्वालिटी, बारदाना की व्यवस्था, परिवहन, किसानों के पेमेंट तथा उपार्जन केन्द्रों में दी जाने वाली सुविधाओं के साथ ही वजन कांटे का भी निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके अतिरिक्त आपने मिलर्स के प्रतिष्ठानों का भी औचक निरीक्षण करनें के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, एसडीएम पाली टी. आर. नाग सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूपखड़ा ग्राम में शासन की विभिन्नि योजनाओं का लाभ देने शुरू किए गए प्रयास

**उमरिया।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान करने वाले मानपुर विकासखण्ड के ग्राम धूपखड़ा में शासन की विभिन्न योजनाओं को सेचुरेशन स्थिति तक लाने हेतु कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य की पहल पर विभिन्न विभागों व्दारा प्रयास प्रारंभ कर दिए गए है । जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक व्दारा उद्यमिता विकास के साथ शिविर आयोजित कर जहां गांव के युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत तीन प्रकरण तैयार किए गए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कर्मशाला निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग व्दारा शत प्रतिशत टीकाकरण तथा सिकल सेल की टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। जल संसाधन विभाग व्दारा धूपखड़ा ग्राम के स्टाप डैम के मरम्मत का कार्य हाथ मे लिया गया है। इसी तरह ग्रामीण आजीविका परियोजना व्दारा गांव की समस्त महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ने तथा स्व सहायता समूहों को विभिन्न स्व रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बकरी पालन, मुर्गी पालन, पशु पालन के शेडों का निर्माण भी कराया जाएगा। वन विभाग व्दारा धूपखड़ा ग्राम में वन धन केंद्र की स्थापना की जाएगी। गांव के विद्यार्थियों को अनुभूति शिविर में भ्रमण कराया जाएगा तथा महुआ संग्रहण हेतु नेट का वितरण एवं तेंदूपत्ता का संग्रहण भी कराया जाएगा। राजस्व विभाग व्दारा राजस्व शिविर लगाकर शत प्रतिशत फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसान सम्माान निधि योजना का लाभ तथा जाति प्रमाण पत्र तैयार करनें का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने कहा कि धूपखड़ा ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न विभागों व्दारा संचालित योजनाएं जो वहां क्रियान्वित हो सकती है, अनिवार्य रूप से संचालित की जाए। पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीयन स्कूलों में कराया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता के विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे यहां के विद्यार्थियों का नवोदय एवं सैनिक स्कूल आदि में चयन हो सके। ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर उनके खेती बाड़ी एवं उद्यानिकी गतिविधियों के तौर तरीकों को आधुनिक बनाया जाएं, हर किसान के पास उपलब्ध भूमि का मिट्टी परीक्षण कार्ड तैयार किया जाए।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निगहरी में शिविर का आयोजन

**उमरिया।** जिले मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन निरंतर जारी है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करकेली विकासखण्ड के ग्राम निगहरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से आम जनो को शासन की कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संदेश को मुख्य अतिथि सहित ग्रामीणों ने देखा एवं सुना। संदेश में उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल मिलने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शासन व्दारा निर्धारित दर पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से नई कृषि तकनीको की जानकारी भी किसानो को दी जा रही है। ड्रोन का उपयोग करके सिचाई की सुविधा, कीटनाशक का छिडकाव तथा उवर्रक का छिडकाव कम लागत और कम समय में किया जा सकता है। इस अवसर पर ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन भी आम जनता के समक्ष किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत मे विकास कि लहर लाना है। योजनाओं से लाभ पहुंचना यात्रा का उद्देश्य है। रथो के माध्यम से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शासन कि योजनाओं से ग्रामीण जनो को अवगत कराने के साथ ही, विभागीय स्टालो के माध्यम से योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि योजना का लाभ नही मिला है तो संबंधित स्टाल में अपना आवेदन विभाग को दे जिससे आपकी समस्या का निराकरण किया जा सके।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों व्दारा स्टॉल लगाये गये। जिसमें उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग, कृषि उद्योग विकास निगम मर्यादित, राजस्व विभाग द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित योजना के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आम जन को विभागीय अधिकारियों व्दारा शासन व्दारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के प्रकरण भी तैयार किए गए । इसके साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। षिविर में आयुष विभाग व्दारा शिविर तक आने वाले ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर, उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया।

# सड़क की समस्या को लेकर एक साल से परेशान विकास नगर के रहवासी

**कोतमा।** नगर पालिका के उदासीनता के कारण विकास नगर के रहवासी सड़क की समस्या को लेकर लगभग एक साल से परेशान हो रहे हैं, आए दिन कोई न कोई दुर्घटना घटित हो रही है लेकिन नगर पालिका प्रशासन सड़क की मरम्मत करवाने पर ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण वार्ड वासी अब आंदोलन की राह अपनाने के लिए बाध्य हो गए हैं। वार्ड वासियों ने लिखित में शिकायत करते हुए नगरपालिका अधिकारी, एसडीएम एवं पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक 08, 09 एवं 10 के पुस्तैनी निवासी है हमारे वार्ड से कोतमा-भालूमाड़ा रोड निकली है। उक्त रोड इस्लामगंज कोतमा से पुलिया तक अत्यन्त जर्जर एवं खराब हालत मे है उसमें बड़े बड़े गड्ढे हो गये है, साथ ही नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा हमारे वार्ड में नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। नाली निर्माण कराये जाने हेतु नाली खोदकर उसकी मिट्टी को रोड के किनारे रखा गया है जो रोड मे फैल गई है जिससे रोड ऊबड खाबड हो गई है, इतना ही नही नगर पालिका द्वारा उक्त रोड मे पानी का छिडकाव किया जाता है जिससे मिट्टी फिसलन युक्त हो जाती है जिससे दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन असंतुलित हो जाते है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। एवं रोड पर उड़ रही डस्ट से मोहल्लेवासी को सांस लेने मे असुविधा हो रही है और स्वास्थय निरन्तर खराब हो रहा है। जिससे हम वार्डवासी काफी परेशान है। जिसकी सूचना नगर पालिका परिषद कोतमा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन के माध्यम से दी गई, उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि चुनाव होने के पश्चात आपके वार्ड मे रोड निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा, लेकिन आज पूरे तीन से चार माह का समय व्यतीत हो गया है न तो हमारे वार्ड मे रोड का निर्माण कार्य चालू किया गया है और नाली निर्माण का कार्य कछुआ गति से चल रहा है और न ही सड़क के किराने पड़ी हुई मिट्टी हटाई जा रही है। जिससे क्षुब्ध या व्यथित होकर हम वार्डवासी आपसे निवेदन करते है कि उक्त रोड निर्माण का कार्य 48 घंटे के अन्दर प्रारंभ कर वार्डवासियों को उक्त समस्या से निजात दिलाये। रोड का कार्य 48 घंटे के अन्दर प्रारंभ न होने की दशा मे हम वार्डवासी अपनी मांग को लेकर सड़क पर चक्का जाम करेगें, जिसकी संपूर्ण जबावदारी नगर पालिका परिषद की होगी। शिकायत सौपनें वालों में सैकडो रहवासी शामिल थे।



**आए दिन घटित हो रही है कोई न कोई दुर्घटना**



### मासूम बच्ची चढ़ गई अंधविश्वास की बलि
### बीमार बच्ची को गर्म हंसिये से 51 बार दागा, उपचार के दौरान मौत

**अनूपपुर।** अनूपपुर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताराडांड में मासूम बच्चे को दागने का मामला सामने आया है। जहां सामाजिक कुरीतियों को लेकर 3 माह की बच्ची के पेट को गर्म हंसिया की नोंक से 51 बार दागा गया है। जहां 31 दिसम्बर को उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ताराडांड निवासी उषा पति मोहन सिंह की तीन माह की बालिका को निमोनिया होने पर परिजनों ने अंधविश्वास पुरानी रूढ़ीवादिता में बालिका के पेट में गर्म हंसिया से दगवाया गया। जिसके बाद अचानक बालिका की हालत बिगड़ती देख परिजनों ने तत्काल बालिका को उपचार हेतु गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने बालिका की नाजुक हालत देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा के लिए मोहताज कोयलांचल छेत्र

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को समय रहते ध्यान देने की जरूरत




**कोतमा। वर्तमान में नगर का व्यापार पूरी तरह से चौपट है इसका कारण नगर के आसपास से लगे कोयला खदान लगभग बंद होने की कगार में है जो खुलते भी हैं उसमें कालरी प्रबंधन एवं आमजन को रोजगार से जुड़ी समस्या को लेकर नई खदान संचालित नहीं हो पा रही है।**

साथ ही इसमें ना तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विधायक, सांसद व मंत्री दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं जिसके कारण नगर का व्यापार पूरी तरह से चौपट हो गया है। वर्ष 2024 की शुरूआत हो गई है सभी को बैठकर चिंतन करना चाहिए और रोजगार के साधन मुहैया कराने चाहिए नए उद्योग धंधे स्थापित करवाने चाहिए जिससे नगर का व्यापार फिर से सुचारू रूप से चल सके अन्यथा लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

नगर के व्यापारी इकबाल हुसैन बोहरा ने बताया कि वर्तमान में नगर का व्यापार पूरी तरह से चौपट हो गया है अमाडांड खदान में जिन स्वामियों की जमीन फंसी है कॉलरी प्रबंधन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें रोजगार मुहैया करानी चाहिए और उनकी जमीन अधिग्रहित करने के बाद उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाए क्षेत्र में नए उद्योग धंधे शुरू करवाए जाएं जिससे यहां का व्यापार सुचारु रुप से चल सके अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब लोगों को नगर से पलायन करना पड़ेगा।



दवा व्यवसाई राजेश कुमार जैन का कहना है कि वर्ष 2024 नगर के लिए अच्छा हो इसके लिए जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व्यापारियों को एकजुट होकर क्षेत्र में नए उद्योग धंधे स्थापित करने की पहल करवानी चाहिए जिससे यहां का व्यापार दोबारा सुचारु रुप से चल सके वर्तमान में व्यापार पूरी तरह से चौपट हो गया है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ डॉ विकाश पाण्डेय का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा एवं क्षेत्र के चिकित्सालय में आने वाले साल 2024 में चिकित्सकों की पदस्थापना करवाने की पहल यहां के जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो जिससे जिन मरीजों को बाहर इलाज के लिए जाना पड़ता है उन्हें इस नगर में ही स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके। हमारा क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र होने के साथ ही आदिवासी क्षेत्र है और यहां स्वास्थ्य सुविधा नगण्य के बराबर है। उन्होंने आने वाले साल में सभी नागरिकों से अपील की है कि 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को नियमित अंतराल में अपनी स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए सप्ताह में 5 दिन आधे घंटे तेज चलना चाहिए।



उन्होंने कोतमा विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल से अपेक्षा की है कि विधानसभा क्षेत्र के लिए बैठकर मंथन करना चाहिए और उद्योग धंधे लगाने के लिए शासन से पहल करवाते हुए नए उद्योग धंधे शुरू करवाने चाहिए जिससे यहां का व्यापार फल फूल सके और लोगों को पलायन न करना पड़े।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा का मानना है साल 2024 शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा हो क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार हो जिससे यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं कोचिंग के लिए दूसरे शहर ना जाना पड़े। मानव संसाधनों की कुशलता, योग्यता और गुणवत्ता में वांछित सामंजस्य हेतु शासन सतत प्रयासरत एवं संवेदनशील है। विभिन्न समीक्षा बैठकों में प्राप्त सुझावों के साथ-साथ प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतिगणों, संभागों के अतिरिक्त संचालकों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों, वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं उच्च शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों से हुए विचार-विमर्श के आधार पर उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिये प्रयत्न किया गया है कि मानव संसाधन विकास को गुणात्मक विकास से जोड़ते हुए उच्च शिक्षा को इस प्रकार उपयोगी बनाया जाय कि मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों और विद्या परिसरों से पढ़कर निकलने वाले विद्यार्थी न केवल विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें वरन अपने ज्ञान और सुसंस्कारित व्यक्तित्व से देश और प्रदेश के विकास में सहभागी बन सकें। उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल प्रबंधन भर नहीं है, अपितु वह उसके हितग्राहियों की चेतना का उन्नयन भी है। इसे अर्जित करने के लिये प्रबंधक को नेतृत्व की भूमिका में आना पड़ता है। प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिये आत्मविश्लेषण एवं प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिये विशेष तौर पर समाहित करना चाहिए। प्राचार्य आरके मिश्रा ने विश्वास जताते हुए कहा है कि है उच्च शिक्षा में संलग्न प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर होने के लिये मार्गदर्शन लेना चाहिए जिससे साल 2024 क्षेत्र के लिए शिक्षा में अग्रणी भूमिका अदा कर सके।



# काले कानून को वापस लेने ड्राइवर संगठन नें थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**कोतमा।** 1 जनवरी को ड्राइवर संगठन के द्वारा थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए उल्लेखित किया कि पेसे से हम लोग ड्राइवर है तथा ड्राइवरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। कुछ दिन पूर्व गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सदन में आईपीसी कानून की धारा 304 ए में संशोधन कर एक्सीडेंट में 10 वर्ष की सजा एवं 5 से 10 लाख रुपए का जुर्माना करने का प्रावधान करने की बात की गई है एवं उक्त संशोधन कानून को दो जगह से पास भी कर दिया गया है। परंतु अभी तक गजट नोटिफिकेशन नहीं किया गया है। यह एक ऐसा कानून है जो हम ड्राइवर के हित में नहीं है अर्थात एक काला कानून है। इस नए कानून से हम सभी ड्राइवर वर्ग का भारी नुकसान होने की संभावना है क्योंकि सामान्यतः हम सभी ड्राइवर निम्न एवं निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से वास्ता रखते हैं तथा हमारे आय का सामान्यतः अन्य कोई स्रोत नहीं है। ऐसे में किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति निर्मित होने पर हम ड्राइवर एवं हमारा पूरा परिवार वित्तीय संकटों से घिर जाएंगे एवं परिवार के समक्ष भूखों मरने की स्थिति होना संभावित है। उक्त नया कानून न्याय हित में नहीं है। जिस कारण हम ड्राइवर लोगों के मध्य उक्त नए कानून एवं प्रावधान से कोलाहल अशांति की स्थिति निर्मित हो गई है, और सरकार द्वारा हम सभी विशेषकर ड्राइवर वर्ग को ही निशाने पर लिया गया है जिससे उक्त काले कानून को वापस लिए जाने की आवश्यकता है। उक्त काले कानून को शीघ्र वापस नहीं लिया जाता है तो हम ड्राइवर वर्ग जिला कार्यालय अनूपपुर में उपस्थित होकर इसका विरोध प्रदर्शन करने हेतु बाध्य हो जाएंगे साथ ही 2 जनवरी को दोबारा शुक्ला ढाबा के पास शासन के नाम ज्ञापन सौंपेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप



### अग्रसेन चौक सेवा कार्य से नववर्ष का शुभारंभ

**रीवा।** अग्रवाल समाज रीवा के तत्वावधान में नववर्ष का शुभारंभ अग्रसेन चौक सेवा कार्य से हुआ। अग्रवाल समाज के लोगों ने सर्द मौसम में प्रथम दिन में अग्रसेन चौक के संपूर्ण परिसर में मानव सेवार्थ पानी से बढ़िया साफ सफ़ाई की और अग्रकुल प्रवर्तक देवस्वरूप श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी की को शाल ओढ़ाकर, आरती, माल्यार्पण अपनी श्रद्धा व्यक्त की। तथा सभी सदस्यों ने रीवा वासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की प्रार्थना की साफ सफाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड.,मंत्री नूतन अग्रवाल, चौक प्रभारी दिलीप अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी, मंत्री मनोज अग्रवाल, शारदा प्रसाद अग्रवाल, उदित अग्रवाल,दीपक अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल नन्हें मुन्ने बच्चे भी शामिल रहे।

### समान थाना के सामने हो रही थी गुंडागर्दी



**रीवा।** समान थाना हमेशा ही सुर्खियों पर रहा है। थाना की कमान ही पुलिस अधीक्षक ने ऐसे निरीक्षक के हाथों पर सौंप रखी है जिनकी चर्चाएं पुलिस विभाग में आम हो चुकी है। उनका पुलिसिंग इस कदर है कि अपराधी थाना में घुसकर पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर तोड़ फोड़ को अंजाम दे चुके। इन दिनों वाहन चालकों द्वारा नये नियम को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जो वाहन जहां है उनके पहिये वहीं थमे हुए हैं। ऐसे में जरुरतमंद दूगने दामों पर आटो वाहन कर अपनी समस्याओं के लिए निदान के लिए घर से निकल रहे तो उनको भी रोक कर गुंडागर्दी के दम पर वाहन खड़ा करा लिया जा रहा। समान थाना के ठीक मुहाने में सुबह से ही ऐसा कुछ चल रहा था। आश्चर्य तो तब हो गया जब एक आटो में बीमार व्यक्ति को लेकर उनके परिजन अस्पताल की ओर जा रहे थे और जैसे ही समान थाना के सामने पहुंच वैसे ही वहां पहले से उत्पात मचा रहे गुंडो से घिर गये। आटो में पड़े बीमार को देख गुंडो में रहम नही जागा बल्कि वहशियानापन दिखाते हुए आटो की चाबी छीन ली और आटो को खड़ा करने के लिए चालक से गाली-गलौज करते रहे। यह सब नजारा समान थाना के सामने हो रहा था और थाना प्रभारी अपने कक्ष में बैठे रूम हीटर का मजा ले रहे थे। मौके की नजाकत को समझते हुए किसी ने प्रभारी सीएसपी डीएसपी हेडक्वार्टर हिमाली पाठक को दी। जानकारी लगते ही प्रभारी सीएसपी हरकत में आई और थाना प्रभारी को हिदायत देते हुए थाना के सामने हो रहे गुंडागर्दी पर काबू लगाने को कहा। प्रभारी सीएसपी का फरमान सुनते ही थाना प्रभारी हरकत में आये और पुलिसकर्मियों को बाहर जाकर देखने को कहा। पुलिसकर्मी जब थाना के बाहर निकले तो वहां उपद्रव मचा रहे लोगों को समझाइश देकर भगा दिया।

### तानसेन समारोह में तबला वादन कर उमंग अग्रवाल ने गिनीज बुक में दर्ज कराया नाम

**अनूपपुर।** विगत दिनों ग्वालियर में 99 वां तानसेन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1500 तबला वादकों द्वारा एक साथ तबला वादन कर ताल दरबार में सम्मिलित हुए तथा 1500 तबला वादकों ने एक साथ प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। उक्त आयोजन में अनूपपुर की बिटिया स्वाति अग्रवाल स्वर्गीय प्रमोद अग्रवाल के पुत्र एवं मनीष अग्रवाल के भांजे उमंग अग्रवाल ने तानसेन समारोह में भाग लेकर समाज और माता-पिता का गौरव बढ़ाया है।

### इंटरनेशनल होटल विलाशा में रंगारंग कार्यक्रम

# बीते साल को दी विदाई और नये साल का किया आगाज़

रविवार की रात्रि होटल विलाशा में वर्ष 2023 के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को पुराने वर्ष की विदाई व नए साल की खुशी मनाने युवा वर्ग तैयारियों में जुटे रहे

बुढ़ार।

इसके साथ ही नव वर्ष की खुशी मनाने सभी एक जगह एकत्रित होकर नाज गाकर पुराने वर्ष को विदा करते हुए नये साल का केक काटकर जश्न मनाकर किया आगाज़।होटल विलाशा में ढोल नगाड़े के साथ युवराज बैंड ग्रुप के साथ एंकर बीनी गुप्ता,डीजे कुनंल एवं एम टीव्ही राइडर सेलिब्रिटी खतरों के खिलाड़ी साउंडस मौफाकिर की शानदार प्रस्तुति से डीजे की धुन में महिला पुरुष युवा थिरके साथ ही टीव्ही एंकर



बीनी गुप्ता के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों को प्रस्तुति दी जिसकी धुन पर होटल में उपस्थित जनसमूह नए साल का जश्न धूम धड़ाके के साथ किया साथी विशेष स्वरुचि भोज की व्यवस्था भी की गई थी जिसका लुप्त लोगों ने उठाया। विलाशा होटल के डायरेक्टर राजेश चमाडिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी वर्गों के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त करते हुए आशा कि है कि आगे भी इसी तरह अपना सहयोग प्रदान करेंगेशांति पूर्ण रही व्यवस्थाकार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रहा जिससे शांति व्यवस्था बनी रही और कोई विवाद या घटना घटित नहीं हुई कार्यक्रम में थाना प्रभारी संजय जयसवाल की टीम पूरे समय तक सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहीं। कार्यक्रम में भारी संख्या में राजनीतिक एवं नगर नागरिकों की उपस्थिति रही।

# भाजपा नेता गौरव ने श्रीराम मंदिर के कैलेंडर का विमोचन कर घर घर




**रीवा।** एक जनवरी से नए साल की शुरुआत हो रही है और नए साल की शुरुआत के साथ यह साल इसलिए भी खास है क्योंकि भारत की जनता का 550 वर्षों का इंतजार खत्म होने वाला है आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है इसी उपलक्ष्य में रीवा में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने साल 2024 के प्रारंभ होने के साथ और अयोध्या में श्री राम के मंदिर बनाए जाने की उपलक्ष में श्री राम मंदिर का कैलेंडर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के संकल्प पत्र का विमोचन किया है साथ ही श्रीराम कैलेंडर का अब पूरे लोकसभा क्षेत्र में वितरण होगा यह नववर्ष श्री राम मंदिर के निर्माण से जोड़ा जा रहा है क्योंकि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में खुशी का माहौल है विमोचन कार्यक्रम में जिले के सभी वरिष्ठ पत्रकारों से मिलन समारोह एवं भोज का आयोजन किया गया पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए और बातचीत करते हुए भाजपा नेता गौरव तिवारी ने कहा जिस तरह गोस्वामी तुलसीदास ने काशी से रामचरितमानस की शुरुआत की और जिसकी ख्याति पूरे विश्व भर में फैली इस तरह भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो काशी के ही सांसद हैं उन्होंने विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया है जिस तरह नमो भारत की ख्याति पूरे विश्व में फैली है वह अभूतपूर्व है यशस्वी प्रधानमंत्री के ऊपर निः संदेह ईश्वर की आसीन अनुकंपा है कि वह देश का मान पूरे विश्व में बढ़ा रहे हैं और आगामी 22 जनवरी को जब भगवान राम पुनः अयोध्या में विराजित होंगे तो वह पूरे देश के लिए गौरवनित क्षण होगा।

फोटो क्रमांक 04 सग्लंग है।

# हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन 3-5 जनवरी नागपुर में : विनय सिंह

धनपुरी।

हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन 3 जनवरी से 5 जनवरी तक नागपुर में आयोजित होने जा रहा है। हिन्द मजदूर सभा के 75वें स्थापना वर्ष में 34वां त्रिवार्षिक अधिवेशन अपने आप में काफ़ी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इस अधिवेशन में देश भर से बिभिन्न उद्योगों में कार्यरत हजारों श्रम संगठन के प्रतिनिधि भाग लेने जा रहे हैं। भारत सरकार की मजदूर विरोधी नितियों खास कर सारे क्षम कानूनों को समाप्त कर चार नये कोड बनाते जाने, देश के तमाम सार्वजनिक उपक्रमों को नीजी सोरों में सौंपे जाने, पुरानी पेंशन बहाली, आदि मुद्दों पर अधिवेशन में व्यापक चर्चा कर आगे का एजेंडा तय होगा।



वर्तमान में मजदूर आंदोलन जिस दौर से गुजर रहा है ऐसे में देश में एक सशक्त मजदूर आंदोलन की आवश्यकता है। इसके लिए हिन्द मजदूर सभा जो पूर्णतः गैरराजनीतिक संगठन है पूरी तैयारी में है। देश ही नहीं दुनिया के पैमाने पर हिन्द मजदूर सभा की एक अलग पहचान बनी है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय क्षम संगठन व की अंतरमहाद्वीपीय संगठनों में हिन्द मजदूर सभा को प्रतिनिधित्व मिला है, इसके महामंत्री श्री हरभजनसिंह सिद्धू कई ऐसे संगठनों के पदाधिकारी बने हैं। इस अधिवेशन में एस ई सी एल में कार्यरत कोयला मजदूर पंचायत, ओपीएम व सोडा फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर मुक्ति मोर्चा, मध्यप्रदेश खेत मजदूर सभा, मध्यप्रदेश निर्माण मजदूर सभा, मध्यप्रदेश बीड़ी पत्ता मजदूर सभा, चचानडीह बाक्साईट खदान राजेंद्र ग्राम के प्रतिनिधि विनय सिंह प्रान्तीय सचिव हिन्द मजदूर सभा के नेतृत्व में उक्त अधिवेशन में भाग लेने जा रहे हैं। इस आशय की जानकारी स्वयं विनय सिंह द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई हैं।

**सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण कर प्रतिवेदन दें**

# मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तत्काल शुरू करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 5 जनवरी को रीवा का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री संभागीय समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी निर्धारित प्रपत्र में आज ही प्रस्तुत कर दें। नवीन स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास तथा पूर्ण कार्यों के लोकार्पण की भी सूची आज ही प्रस्तुत कर दें। मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियाँ सभी अधिकारी तत्काल शुरू कर दें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अपना कार्य करें। शासकीय दायित्व निर्वहन के साथ अपना और अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संकल्प यात्रा का आयोजन कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश विभागों की सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। लंबित शिकायतों का दो दिन में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा भी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की जाएगी। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, वित्त, खाद्य, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग तथा ट्राईबल विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण कराएं। ऊर्जा विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के



निराकरण के लिए दो से चार जनवरी तक शिविर लगा रहा है। इन शिविरों की जानकारी सांसदगण, क्षेत्रीय विधायकगणों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को अवश्य दें। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी वाहनों विशेषकर बसों के फिटनेस की तीन दिवस में शत-प्रतिशत जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जाँच में चलने योग्य नहीं पाए गए वाहनों को सड़कों से बाहर कर दें। सभी एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की जाँच कराकर अनफिट वाहनों पर कार्यवाही कराएं। वाहन चालकों द्वारा नए परिवहन कानून के विरोध में हड़ताल की जा रही है। हड़ताली यदि किसी सड़क पर अवरोध रखकर यातायात बाधित करते हैं तो उन पर कार्यवाही करें। निजी वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर हड़ताल के संबंध में विभिन्न पक्षों से चर्चा करके इसे समाप्त कराएं। पेट्रोलियम टैंकरों के चालकों की भी हड़ताल समाप्त कराकर डीजल-पेट्रोल की नियमित आपूर्ति की व्यवस्था करें। कानून और व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने उप संचालक कृषि तथा महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को खाद वितरण की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सहायक कलेक्टर तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा का शिक्षक बना ठेकेदार


**आदिम जाति कल्याण विभाग से सांठगांठ कर गरीबों का डकार रहा हक**

**रीवा।** आदिम जाति कल्याण विभाग में शासन की राशि का जमकर बंदरबाट किया जा रहा है। गरीबों के उत्थान के लिए आने वाली राशि गरीबों तक न पहुंच कर ठेकेदार से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे महारथियों द्वारा डकार लिया जाता है। एक ओर गरीबों के पैसों से ठेकेदार करोड़ो के आसामी बन रहे है तो वहीं दूसरी ओर आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे अधिकारी से लेकर कर्मचारी मालामाल हो रहे है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आदिम जाति कल्याण विभाग के पैसों का सबसे ज्यादा गंगेव जनपद में दुर्पयोग हो रहा है। सोच का विषय यह है कि आरोप पर आरोप लगने के बाद भी आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा पर मेहरबान क्यों है? सूत्र बताते है कि नईगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा परसिया निवासी ठेकेदारदेवेंद्र मिश्रा तो महज एक मोहरा बना हुआ है इस मोहरे के पीछे उसके रिश्ते के जीजा का सारा खेल चलता है। वैसे तो पर्दे के पीछे बैठा जीजा राजबहोर तिवारी शासकीय शिक्षक के पद पर गंगेव जनपद के ही धौरहरा गांव स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ है। बताया जाता है कि विद्यालय तो शिक्षक राजबहोर तिवारी यदाकदा ही जाया करता है और उसकी उपस्थिति बराबर रजिस्टर में दर्ज होती है। लिखित शिकायत पर यदि भरोसा करें तो एक माध्यमिक विद्यालय का शिक्षक आज की तारीख में करोड़ो रूपये का आसामी बन चुका है। यह राशि और कहीं से नहीं अपितु गरीबों को उत्थान के लिए लाई गई शासन की योजनाओं से शिक्षक राजबहोर तिवारी के खजाने में कैद होती चली गई। जिसमें कई हिस्सेदारों के भी नाम सामने आ रहे है जो आदिम जाति कल्याण विभाग से जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि गरीबों के उत्थान हेतु ग्राम पंचायतों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग राशि आवंटित कर दी जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम नही होता और सारी राशि का ऊपर से लेकर नीचे तक बैठे आदमी बंदरबाट कर लेते हैं।

### लोकायुक्त भोपाल तक शिक्षक की पहुंची शिकायत

बताया जाता है कि धौरहरा में पदस्थ शिक्षक राजबहोर तिवारी के विरूद्ध लोकायुक्त संगठन भोपाल में किसी समाजिक कार्यकर्ता द्वारा लिखित शिकायत की गई है। शिकायत में इस बात का उल्लेख है कि शिक्षक अवैधानिक तरीके से राजबहोर तिवारी आज की तारीख में करोड़ो रूपये का आसामी बन गया है। परिवार के लोगों के अलग-अलग खाते खुले हुए हैं। शिक्षक राजबहोर तिवारी अपने पुत्र के नाम से देव शिक्षा समिति का संचालन करते है जो कागजों पर चलता है और उसमें शासन की राशि का दुर्पयोग किया जाता है। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक की पत्नी कविता तिवारी करती है।

### शिक्षक की अकूत संपत्ति का लोकायुक्त को दिया ब्यौरा



शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त भोपाल को शिक्षक द्वारा अवैधानिक तरीके से बनाई गई अकूत संपति का ब्यौरा दिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि शिक्षक की पत्नी के नाम इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे 16 डिसमिल जमीन है तथा उनकी पत्नी के नाम रतहरा नहर के बगल में 24 सौ वर्गफिट प्लाट है। गोविंदगढ़ बेयर हाउस के बगल में शिक्षक राजबहोर तिवारी ने अपनी पत्नी के नाम जमीन, नेहरु नगर में रघु स्कूल के पास दो मकान, मनगवां इलाहाबाद चौराहे के पास दो दुकानें पत्नी के नाम तथा निज गांव धौरहरा में करोड़ो रूपये के मकान के साथ ही रीवा रतहरा बालेंद्र शेखर तिवारी के बगल में पिता के नाम पर दो दुकाने ली गई है। सोच का विषय यह है कि एक शिक्षक के पास इतनी संपत्ति कहां से आई। देखना यह है कि लोकायुक्त संगठन भोपाल शिकायतकर्ता की शिकायत पर इन संपतियों के संबंध में क्या कार्रवाही करता है?

# नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन

## कार्यकर्ताओं के बीच सेंनुआ गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक गिरीश गौतम के मुख्यआतिथ्य में ग्राम सेंनुआ में नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम एक जनवरी सोमवार को आयोजित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए शाल-श्रीफल द्वारा सम्मानित किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आज साल का पहला दिन है जिसकी सभी को बधाई देता हुं। यह साल देश के इतिहास में अलग जाना जाएगा। आने वाली 22 जनवरी को हमारे भगवान श्री राम घर में विराजमान होंगे। हम सब 22 जनवरी को इकट्ठा होंगे, एलईडी लगाएंगे और सीधे उनके पुनर्स्थापना का कार्यक्रम देखेंगे। जिस समय पूजा होगी हम सब लोग राम नाम का जाप करेंगे और भगवान राम की झांकी का दर्शन करके जश्न मनाएंगे। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि सबको धन्यवाद करता हूं। और देवतालाब की जनता को नमन करता हूं। हमारे कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों मे भी सहयोग बनाए रखा।और जनता के बीच सरकार की योजनाओं को पहुंचने का कार्य किया। एंव चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्य किया। और अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़ी घोषणा की है यदि हम लोग उसको करने में सफल हुए तो दुनिया में हमारा नाम होगा, अभी समय चलता है जर्मनी से AM. और PM.चलता है 12 बजे के पहले तक एएम चलता है और 12 बजे के बाद पीएम चलता है। अब वही खगोल शास्त्र के हिसाब से समय हमारे मुख्यमंत्री की घोषणा हुई है कि अब





यह दुनिया में समय की घड़ी हमारे महाकाल लोक से मिलाएगी ऐसा करने का हम लोग प्रयास करेंगे, हमारे लिए बहुत ही खुशी का विषय है। कि हम सब उस साल में प्रवेश कर रहे हैं जिस साल में 500 साल में इतिहास में घटी हुई घटना को दुरुस्त करते हुए नया इतिहास लिखने जा रहे हैं। और नया इतिहास क्या होगा भगवान राम को उनके घर से अपदस्थ किया गया था। और अब वह भव्यता प्रदान करते हुए घर में फिर से भगवान राम लला विराजमान होंगे वह 22 जनवरी आ रही है। हमारे लिए पूरे देश व दुनिया के लिए बहुत खुशी का विषय है। क्योंकि हम सब जानते हैं कि हमारी आस्था को लेकर कई बार सवाल खड़ा किए गए हैं।

नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गिरीश गौतम के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह चंदेल, मऊगंज जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, सीतापुर मंडल अध्यक्ष प्रसून द्विवेदी, देवतालाब मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, नईगढ़ी मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता, बरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल तिवारी, नर्मदा प्रसाद प्यासी, भास्कर प्रसाद गौतम, रामदयाल शर्मा पार्षद, नसीम खान पार्षद, रतनलाल मिश्र मंनगवा नगर पंचायत उपाध्यक्ष ,प्रमोद उरमलिया, मन्नू लाल गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, गोविंद लाल तिवारी, लालता प्रसाद गौतम, रविशंकर द्विवेदी, निज सहायक पुष्पेंद्र गौतम, रामपाल सिंह, नरेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, गेंदलाल चौबे, रामपाल सिंह उचेहरा, प्रभाकर प्रसाद मिश्र, शिव बहोर मिश्र, उमेश तिवारी, विनय तिवारी, शिवानंद प्यासी, सीताशरण सेन, यज्ञनिवास उरमालिया, नरेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### तानसेन समारोह में तबला वादन कर उमंग अग्रवाल ने गिनीज बुक में दर्ज कराया नाम



**अनूपपुर।** विगत दिनों ग्वालियर में 99 वां तानसेन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1500 तबला वादकों द्वारा एक साथ तबला वादन कर ताल दरबार में सम्मिलित हुए तथा 1500 तबला वादकों ने एक साथ प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। उक्त आयोजन में अनूपपुर की बिटिया स्वाति अग्रवाल स्वर्गीय प्रमोद अग्रवाल के पुत्र एवं मनीष अग्रवाल के भांजे उमंग अग्रवाल ने तानसेन समारोह में भाग लेकर समाज और माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। छात्र उमंग अग्रवाल संगीत महाविद्यालय मैहर में अध्यनरत है। 25 दिसंबर को भारत के ग्वालियर में 99वें अंतर्राष्ट्रीय तानसेन समारोह के दौरान संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गिनीज बुक में दर्ज कराने का प्रमाण पत्र प्रदत किया गया।

### श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शहर में आज निकलेगी अक्षत कलश शोभायात्रा



**अनूपपुर।** श्री राम जन्मभूमि शोभा यात्रा आयोजन समिति ने जानकारी में बताया है कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व 2 जनवरी मंगलवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए प्रभु श्री राम जी की भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह चल समारोह रजहा श्री हनुमान मंदिर, पुरानी बस्ती से दोपहर 12:00 बजे प्रारंभ होकर शंकर मंदिर चौक, अमरकंटक तिराहा, अंडर ब्रिज, राम जानकी मंदिर, आदर्श मार्ग होकर सामतपुर शिव मारुति मंदिर पहुंचकर पूर्ण होगी, समिति के प्रमुख पदाधिकारियो ने सभी स्नेहीजनों प्रभु श्री राम भक्तों से आग्रह किया है कि शोभायात्रा के पावन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

*केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत ई-टैंडर मामले में दोषी पाए जाने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना व 7 साल तक की सजा के प्रावधान के खिलाफ सोमवार 1 जनवरी को देशभर के ट्रक, बस चालक हड़ताल पर चले गए हैं। इस काले कानून को वापिस लेने की मांग कर रहें हैं। अनूपपुर में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के आह्वान पर अनूपपुर में ड्राइवर एकता संघ के बैनर तले सैंकड़ों ट्रक, बस चालकों ने हड़ताल कर सड़क जाम करते हुए इस कानून की वापसी की मांग के नारे लगायें। इस हड़ताल में अनूपपुर टैक्सी यूनियन भी शामिल है। देर रात तक पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ नजर आई। इस दौरान चालको ने कलेक्टर को मांग पत्र सौपते हुए नए कानून के संशोधन पर वाहन चालको के खिलाफ जो कड़ी सजा और भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है उन्हें वापस लेने की मांग की है।*

# ड्राईवरों की हड़ताल का अनूपपुर मे भी दिखा असर



## नए परिवहन नियम के विरोध में ड्राइवर का विरोध प्रदर्शन जारी



अनूपपुर। भारत सरकार के सड़क दुर्घटना संबंधी नए कानून से डरे सहमें बसों और ट्रकों के चालकों की हड़ताल का अनूपपुर जिले में जबरदस्त असर देखने को मिला है। वाहनों का परिचालन ठप रहने से आम यात्री इस भीषण ठंड में कई तरह की परेशानियां सहने को मजबूर हो गए हैं।

नए कानून का विरोध करते हुए अनूपपुर के सामतपुर तालाब के पास हड़ताल पर बैठ गए। जिसके वजह से शहर में जाम की स्थिति बन गई। जिले में आज बस के भी पहिए थम गए हैं। बसों का संचालन न होने से बस स्टैंड वीरान हैं, यात्री परेशान हैं। इस दौरान चालकों ने नारेबाजी करते हुए पुलिस वाहन को भी रोक लिया। जैतहरी में स्थित मोजर बेयर पावर प्लांट में लगे निजी ट्रक ड्राइवर हड़ताल में चले गए। जिसके कारण काम प्रभावित हो रहा हैं। जैतहरी चौक में भी वाहन चालकों ने इस कानून का विरोध करते हुए हड़ताल पर बैठे हुए हैं। शहर में वाहन चालकों द्वारा चक्का जाम किए जाने से बसों, ऑटो के पहिए थमने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री बस स्टैंड पर बस, ऑटो का इंतजार करते हुए बस स्टैंड पर बैठे हुए हैं। जिले में आज ऑटो का चालक भी हड़ताल पर है। जिसके कारण यात्रियों को आने-जाने में सबसे जाता मुसीबत का सामना करना पड रहा हैं।



### कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

ड्राइवर एकता संघ द्वारा कलेक्टर को एक मांग पत्र सौंपा जिसमे भारत सरकार द्वारा नए कानून के संशोधन पर वाहन चालको के खिलाफ जो कड़ी सजा और भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है उन्हें वापस लेने की मांग की गई है। मांगें न मानें जाने पर आज ही से गाड़ियां न चलाने के बात करते हुए पूरे देश में पहिए रोकने की बात कहीं, सरकार द्वारा जो नया कानून लागू किया गया है इसे वापस लिया जाये। एक जनवरी 2024 से वाहन चालको द्वारा वाहन नहीं चलाया गया। इससे देश को होने वाली आर्थिक क्षति की जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

### इन प्रावधानों का किया जा रहा है विरोध

सरकार द्वारा जो नया कानून लागू किया गया है इसमें ड्राईवर की सजा 10 साल एवं 7 लाख रुपए जुर्माना घोषित किया गया है। एक्सीडेंट होने पर इस कानून को वापस लिए जानें बावत जो कानून सरकार द्वारा बनाया गया है जिसमें यदि दुर्घटना हो जाता है तो ड्राईवर को 10 साल की सजा 7 लाख का जुर्माना से दण्डित किया जाना है ऐसे में ड्राईवर जिसकी सेलरी कहीं पर तीन हजार रुपए या कही पर 7000 रुपए महीनें की सैलरी वाला जिसका कोई रहने का ठिकाना नहीं है एवं सैलरी का कोइ अता पता नहीं ऐसे में ड्राईवर सात लाख का जुर्माना कहां से दे पाएगा जिसके कार्य का कोई समय नहीं रहता और ऐसे में 10 साल की सजा हो जाती है तो ड्राईवर के परिवार का पालन पोषण कौन करेगा। पहले कानून में ड्राईवर की जमानत होना फिर वाहन की जमानत होना तय था।

### एन एच 43 पर भी लगा जाम

जिले के थाना भालूमाडा के अंतर्गत बदरा तिराहा एनएच 43 में ड्राइवर यूनियन ने परिवहन कानून के नए निगम का किया विरोध, काला कानून वापस लेने की मांग ड्राइवर यूनियन की हड़ताल शुरू एन एच 43 पर धरना दिया। सड़क पर हादसा होने पर पालको के खिलाफ होने वाली कठोर कार्यवाही के प्रस्ताव का विरोध, बड़ी संख्या में जमा ड्रायवर यूनियन के सदस्य वाहनों के के चालकों से यहां न चलने का निवेदन किया।

### बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद

नए परिवहन निगम के विरोध में ड्राइवर लोग गाड़ियों को रोककर उनसे गाड़ी न चलने का निवेदन कर रहे है मौके की नजाकत को देखते हुए थाना प्रभारी भालूमाडा रामकुमार धारिया अपने दलबल के साथ पहुंचकर उन्हें समझाएं दी की आप किसी भी वाहनों को नहीं रोक सकते कोई भी काम का विरोध करने से पहले नियमानुसार लिखा पड़ी किया जाता है तब भी ड्राइवर का शांति तरीके से कानून के विरोध में विरोध प्रदर्शन जारी है इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर लोग उपस्थित रहे।

# तेंदुआ ने किया मवेशी का शिकार



### रेंज ऑफिस में पशु मालिक का बाबू ने आवेदन लेने से किया इनकार

अनूपपुर। जिला मुख्यालय से 05 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर के पुरनिहाटोला निवासी 50 वर्षीय रामप्रसाद पिता स्व. शंकर प्रसाद पाठक का एक पालतू चार वर्ष उम्र का नाटा जिसे वह दो दिन पूर्व पुरनिहा तालाब के जंगल के पास अन्य मवेशियों के साथ चर रहा था तभी एक जंगली जानवर द्वारा नाटा को पकड़ कर जंगल में घसीट ले गया वहीं पास मालिक का जंगली जानवर तेंदुआ से सामना होने पर आवाज देते हुए भाग कर अपनी जान बचाई आवाज सुनकर पड़ोस में परिवार के पहुंचे इस बीच डर के कारण मवेशी को देखने जंगल में कोई नहीं गया दूसरे दिन खोजबीन करने पर मवेशी नहीं मिल सका लेकिन सोमवार की सुबह खोजबीन करने पर लाल रंग का नाटा का शव पेड़ में लगभग सात फीट की ऊंचाई में टंगा मिला इस बीच जंगली जानवर के पेड़ में चढ़ने पर नाखून के निशान मिले घटना की जानकारी पशु मालिक द्वारा पोड़ी बीट के वनरक्षक को देते हुए वनरक्षक के निर्देश पर वन परिक्षेत्र कार्यालय अनूपपुर में आवेदन देने पुत्र अजय पाठक के साथ गया कार्यालय में पदस्थ एक बाबू द्वारा घंटो इंतजार के बाद भी आवेदन लेने से मना कर दिया इस बीच शिकायत पर डीएफओ अनूपपुर के हस्ताक्षेप पर परीक्षेत्र सहायक फुनगा रमेश प्रसाद पटेल द्वारा पशु मालिक का आवेदन स्वीकार करते हुए पावती प्रदान की वन परिक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ इस बाबू को इतना ज्ञान नहीं की कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करता है तो उसे लेते हुए पद मुद्रा के साथ पावती प्रदान किया जाना अनिवार्य रहता है।

# राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम करें रोशन : शिवकुमार सिंह

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव विद्या एकल लोक नृत्य में पांच लोगों का एवं फोटोग्राफी में दो लोगों का हुआ चयन



**अनूपपुर।** जिले में प्रतिभाओं की कमी नही है जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग की यह बात जिला खेल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह ने अनूपपुर जिले से राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित प्रतिभागियों से मुलाकात के दौरान कही। उन्होनें चयनित प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी राज्य स्तरीय प्रतियोंगिता में जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करे खेल, खिलाड़ी और कलाकारों का मनोबल बढाऩे में जिला खेल कार्यालय हर संभव मदद करेगा। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश शासन खेल में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2 जनवरी से 3 जनवरी तक भोपाल में आयोजित हो रहा है अनूपपुर जिले से राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए सात चयनित युवाओं का एक दल आज भोपाल रवाना हुआ जहां वो अंतर्गत एकल नृत्य और फोटाग्राफी में होन वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेगें।

### इनका हुआ चयन

राज्य स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 2 जनवरी से 3 जनवरी तक भोपाल में आयोजित हो रहा है अनूपपुर जिले से राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए सात चयनित युवाओं का एक दल 1 जनवरी सोमवार को भोपाल रवाना हुआ जिसमें एकल नृत्य विधा में कुमारी कृतिका द्विवेदी, सहयोगी दीपक साहू, रिचा मिश्रा, राजन सोनी, चंदन लालपुरी एवं फोटोग्राफी विद्या में संतोष कोल, सहयोगी में मोहन सिंह गौड़, दल मैनेजर में दिनेश कुमार सिंह चंदेल, विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण विभाग केंद्र जिला अनूपपुर स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर का हुआ है।

### वालीबाल संघ ने दी शुभकामना

राज्य स्तरीय प्रतियोंगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतियोगियों को जिला वालीबाल संघ ने शुभकामना प्रेषित की है। इस अवसर पर वालीबाल संघ के जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोंगिता में अच्छे प्रदर्शन और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि आप नए वर्ष में जो राज्य स्तरीय कला कौशल में जा रहे हो वहां भी आप जीत कर आए हमारी यही कामना है।

# विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर



**टीएल बैठक में समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने साप्ताहिक समय सीमा बैठक में अधिकारी कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगामी समय में सभी को टीम भावना से कार्य करके जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंजली द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। विकासखंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को वितीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में लोकसभा निर्वाचन के कारण सभी के कार्यों की जवाबदेही बढ़ेगी। इसके पूर्व शासकीय योजनाओं में लक्ष्यगत पूर्ति सभी सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने राजस्व एवं उपार्जन कार्य में लगाए गए जिला अधिकारियों को आगामी एक सप्ताह में उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं का सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक से 5 जनवरी के मध्य लगभग 4 हजार किसानों के उपार्जन केंद्र पहुंचने की संभावना है। इसलिए इसकी सतत मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से सुदृढ़ रखें। उन्होंने बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जिला अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण पश्चात प्रस्तुत प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए जिला महिला बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर नाश्ता, भोजन प्राप्त हो इसकी सतत मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के द्वारा निर्धारित अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रो के सत्यापन करने के संबंध में निरीक्षण कैलेंडर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीएल प्रकरणो की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आईसीटी कंप्यूटर लैब की सामग्री निर्धारित समय पर नहीं पहुंचाने पर एजेन्सी के विरूद्ध जुमार्ने के प्रावधान अनुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए

बैठक में पीएमजीएसवाई के तहत खोडरी से लहसुना सड़क तथा दमेहड़ी से शिवरी संगम सड़क के कार्य को जनवरी में पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बैठक में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पिछली बैठक मे लिए गए निर्णय के संबंध में कलेक्टर ने अद्यतन स्थिति की जानकारी ली, प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल प्रषिक्षक को व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए गए तथा पालन-प्रतिवेदन से अवगत कराने को कहा गया। बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को पिछले वर्ष के सभी टीएल प्रकरणों के निराकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा की गई कार्यवाही की जानकारी टीएल पोर्टल में फीड करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 5 जनवरी को अमरकंटक के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यपालन यंत्री को जनवरी माह में जिला चिकित्सालय के नवीन भवन का सम्पूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए हैण्डओवर की कार्यवाही के निर्देश दिए। नगरपालिका अनूपपुर अंतर्गत डीएमएफ मद अंतर्गत आवंटित राशि के तहत कार्यों में प्रगति नही होने पर नाराजगी जताई गई तथा इस संबंध में रिव्यू बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

# नगरवासियों द्वारा धूमधाम से किया गया 2024 का स्वागत





**कोतमा।** नए साल 2024 का स्वागत नगरवासियो द्वारा धूमधाम से किया गया। अलग-अलग जगहो मे लोगो द्वारा नए साल के आगमन को लेकर खुशी का ईजहार करते रहे। पुराने साल को अंतिम विदाई देने एवं नया वर्ष के आगमन पर लोगों ने अपने अपने हिसाब से अपने घरों होटलो मे नए साल का जश्न मनाया। जैसे ही रात 12:00 बजे केक काटकर नए साल की शुरूआत करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर नए साल की शुभकामनाएं दी। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल के निवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के निगवानी, बिजुरी, राजनगर, रामनगर सहित जमुना कॉलोनी, भालूमाडा, अनूपपुर सहित अन्य जगहों से लोगों ने पहुंचकर धूमधाम से जाने वाले साल एवं आने वाले साल के आगमन पर रंगारंग कार्यक्रम आर्केस्ट्रा में झूम उठे। पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल ने भी मुकेश के गाने पर समा बांध दिया। रात 12:00 बजते ही केक काटकर नए वर्ष का स्वागत किया गया। सोमवार 1 जनवरी को लोगो ने सुबह से ही मंदिरो सहित अन्य धार्मिक स्थलो मे पहुंच कर नए साल मे परिवार एवं नगर की खुशहाली की कामना की। दिनभर सोशल मीडिया से लोगो के द्वारा रिश्तेदारो एवं मित्रो को बधाई देने का सिलसिला बना रहा। सोमवार की सुबह नए साल मनाने के लिए लोग धार्मिक स्थलों के साथ ही नदियों के किनारे पहुंचकर परिवार एवं मित्रों के साथ पिकनिक भी मनाते नजर आए। पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल का कहना था कि आने वाले साल की पूर्व संध्या पर हमारे साथियों के द्वारा मेरे निवास पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिससे सभी एक मंच पर आकर आने वाले साल का स्वागत करें तथा जाने वाले साल में एक दूसरे से जो गलतियां हुई हैं उन्हें गले मिल कर शिकवे दूर करें। वर्ष 2024 की शुरूआत हमने अपने पिता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरूआत की उसके बाद मंदिर जाकर नगर सहित क्षेत्र के विकास एवं उन्नत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की पूरा दिन परिवार के साथ रहकर समय बिताया बहुत ही अच्छा लगा।

### अमरकंटक में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसमूह

पवित्र नगरी अमरकंटक में मां श्री नर्मदा नदी के उद्गम स्थल पर कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु पर्यटक अमरकंटक पहुंचकर नए वर्ष का आनंद लिया एवं प्रातः काल मंदिर परिसर पहुंचकर पूजन अर्चन कर नए वर्ष में समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति हो एवं सुख सुविधाओं में वृद्धि हो ऐसी कामना के साथ सुबह से ही लंबी कतार लगाकर श्रद्धालुओं पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है जिसमें मंदिर एवं पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं को बेहतर ढंग से दर्शन प्राप्त हो ऐसी व्यवस्था की हुई है।

### नेरीगढ में लगा मेला, हजारों ग्रामीणों हुए सामिल

जिला मुख्यालय अनूपपुर से 12 कि.मी. दूर स्थित प्राकृतिक, पुरातात्विक स्थल कनेरीगढ़ में विगत 23 वर्षों से आयोजित किया जा रहा मेला इस वर्ष भी ग्राम पंचायत जमुडी द्वारा आयोजित किया गया इस दौरान आसपास के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण एवं जिला मुख्यालय अनूपपुर के हजारों व्यक्ति मेला में पहुंचकर मेला का आनंद लिया इस दौरान मेले में भक्त जनों द्वारा रामायण का पाठ एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसका लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मेला में विभिन्न विभिन्न तरह की दुकान लगाई गई ग्रामीणों ने भरपूर खरीदारी की। ज्ञातव्य है कि जिला मुख्यालय 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जमुडी के डिडवापानी गांव में 180 फीट ऊंचाई पर स्थित कनेरीगढ़ नामक स्थल पर तीन अलग-अलग समय की सभ्यताएं मिलती हैं जिसके मध्य में कचुर्ली कालीन मंदिर के अवशेष होने लाख, कांच की चूड़ियां, मिट्टी के बर्तन एवं खिलौने के साथ मुगलकालीन सिक्के प्राप्त होते हैं स्थल पर पूर्व से ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर पूजा अर्चना की जाती है।